कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण माह

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि आयोजन के प्रथम चरण में पोष्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, ग्रोथ मानिटरिंग वर्कशाप, ऑनलाईन वेबीनार में उपस्थिति, एनिमिया परिक्षण एवं पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन प्रस्तुति दी। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

गृहविज्ञान सहायक प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि एनिमिया विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने पौष्टिक रक्ताल्पता के कारण, लक्षण एवं दूर करने के उपाय की जानकारी दी गई। एनिमिया परिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एम.एससी. गृहविज्ञान की छात्राओं ने रक्त परिक्षण द्वारा एनिमिया का पता लगाया। विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने “Food that helps to Heal Anemia” के माध्यम से रक्तालपता में आहारीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

ग्रोथ मानिटरिंग वर्कशाप के माध्यम से छात्राओं के बी.एम.आई., स्टैण्डर्ड हाईट वेट परीक्षण एवं समुदाय में पोषण अधारित रोगों का सर्वे किया साथ ही आवश्यक आहारीय प्रबंधन के बारे में बताया गया।

विभाग के प्राध्यापकगण एवं छात्राएँ पोषण माह के अन्तर्गत “Nutritious Diet for Everyone” विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में ऑनलाईन उपस्थित हुए।

पोषण माह के विभिन्न आयोजनों में डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. तोशिना तेलंग, डॉ. पूजा सोनकर, डॉ. अनामिका वस्त्राकर एवं कु. तबस्सुम अली का विशेष योगदान रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)